हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026
सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

04 चेतावनी: सप्ताह भर में नहीं सुधरी बिजली व्यवस्था तो होगा आंदोलन



07 पत्नी को कुल्हाड़ी से काट 100 किमी भागा पति, खाया जहर...



खबर संक्षेप

सलकनपुर देवी धाम में दुकानों का निरीक्षण, दो घरेलू गैस सिलेंडर जब्त



सीहोर। घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने के लिए राजस्व, पुलिस एवं खाद्य विभाग के संयुक्त दल द्वारा सलकनपुर देवी धाम में संचालित दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकानों में घरेलू गैस सिलेंडरों के उपयोग की जांच की गई। इस दौरान व्यावसायिक उपयोग में लाए जा रहे दो घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। संयुक्त दल द्वारा स्पष्ट किया गया कि घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए निरीक्षण एवं कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। संबंधित विभागों द्वारा नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए निगरानी रखी जाएगी, ताकि घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग निर्धारित प्रयोजन के अनुरूप हो सके।

अमानक कीटनाशक की बिक्री पर प्रतिबंध

सीहोर। खरीफ वर्ष 2026 में कीटनाशकों की गुणवत्ता जांच के दौरान कार्बेन्डाजिम 12 प्रतिशत + मैंकोजेब 63 प्रतिशत डब्ल्यूपी का नमूना अमानक पाया गया है। प्रयोगशाला से प्राप्त विश्लेषण रिपोर्ट के आधार पर उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, सीहोर ने संबंधित कीटनाशक के क्रय-विक्रय एवं स्थानांतरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। जारी आदेश के अनुसार, मेसर्स श्रीराम कृषि सेवा केंद्र, खमखेड़ा, से लिए गए नमूने का परीक्षण कीटनाशी गुण नियंत्रण प्रयोगशाला, जबलपुर में किया गया था। जांच रिपोर्ट में नमूना अमानक पाया गया। संबंधित कीटनाशक के निर्माता साफेक्स केमिकल्स इंडिया लिमिटेड है तथा बैच नंबर USX294 है। कीटनाशी अधिनियम 1968 की धारा 17 एवं 18 के उल्लंघन के कारण संबंधित बैच के कीटनाशक की सीहोर जिले में बिक्री, क्रय-विक्रय और स्थानांतरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है।

छात्राओं के सपनों को मिलेगी नई उड़ान, तकनीकी शिक्षा से स्टार्टअप तक का रास्ता दिखाएगी तीन दिवसीय कार्यशाला

स्मार्ट वर्किंग के लिए युवाओं को आधुनिक तकनीक नवाचार से जोड़ना होगा : विधायक सुदेश राय

डिप्लोमा से आगे आत्मनिर्भरता की तैयारी महिला पॉलिटेक्निक में नवाचार, ड्रोन तकनीक और उद्यमिता का महाअभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





तकनीकी शिक्षा केवल डिप्लोमा हासिल करने का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, रोजगार और अपने सपनों को साकार करने की मजबूत सीढ़ी भी है। इसी सोच के साथ मध्यप्रदेश शासन के सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, सीहोर में सोमवार को तीन दिवसीय तकनीकी, नवाचार, कैरियर एवं उद्यमिता कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला में छात्राओं को आधुनिक तकनीकों, कौशल विकास, स्टार्टअप और स्वरोजगार की संभावनाओं से परिचित कराने पर जोर दिया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक सुदेश राय ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सर्जना यादव उपस्थित रहीं।

तकनीकी शिक्षा के साथ आत्मनिर्भरता का संकल्प

कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रमोद शर्मा ने अतिथियों, अधिकारियों, विशेषज्ञों और छात्राओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलते तकनीकी दौर में विद्यार्थियों के लिए केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है। उन्हें व्यावहारिक दक्षता, रचनात्मक सोच, समस्या समाधान और नई तकनीकों को अपनाने की क्षमता भी विकसित करनी होगी। कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को अपने ज्ञान का वास्तविक परिस्थितियों में उपयोग करने और नौकरी के साथ स्वरोजगार के विकल्पों की पहचान करने के लिए प्रेरित करना है।

एआई से ड्रोन तकनीक तक खुलेंगे संभावनाओं के नए द्वारः आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ड्रोन तकनीक, स्वचालन और डिजिटल सेवाओं जैसे क्षेत्रों में रोजगार एवं नवाचार की नई संभावनाएं उभर रही हैं। कार्यशाला में इन आधुनिक तकनीकों के व्यावहारिक उपयोग, तकनीकी प्रशिक्षण और प्रोटोटाइप आधारित नवाचार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य छात्राओं को बदलते उद्योग जगत की जरूरतों से परिचित कराना और उन्हें भविष्य के रोजगार बाजार के अनुरूप तैयार करना है। तीन दिवसीय आयोजन में छात्राओं को स्टार्टअप इकोसिस्टम, उद्यमिता विकास, उद्योग स्थापना और स्वरोजगार से संबंधित अवसरों की जानकारी देने पर जोर है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र तथा संबंधित संस्थानों के प्रतिनिधियों की सहभागिता से छात्राओं को शासकीय योजनाओं, प्रशिक्षण और उद्यम शुरू करने की संभावनाओं को समझने का अवसर मिल रहा है। कार्यशाला का संदेश है कि तकनीकी योग्यता का उपयोग केवल नौकरी पाने तक सीमित न रहे, बल्कि छात्राएं अपने नए विचारों को उपयोगी उत्पादों और रोजगार देने वाले उद्यमों में बदलने की दिशा में भी आगे बढ़ें।

विधायक सुदेश राय की अध्यक्षता, जिला पंचायत सीईओ रहीं मुख्य अतिथि : कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय ने अध्यक्षता की, जबकि जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक अनुराग वर्मा, स्टार सेंटर के प्रतिनिधि क्षितिन, मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम की रैंप योजना के संयोजक हरिकांत, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के प्रबंधक संदीप उईके, विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज जैन, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. स्मिता शर्मा, एमआईआईसी प्रमुख अभिनव सिंह और प्रबंधक आयुष श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों एवं संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में भरे उत्साह के रंग

कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एकल नृत्य प्रतियोगिता में कुमारी योगिता मालवीय ने देवी प्रस्तुति दी। वहीं, समूह ने 'नमो सेवा गाथा' विषय पर नाटिका प्रस्तुत कर सेवा, समर्पण और सामाजिक दायित्वों का संदेश दिया। भक्ति गीत और कुमारी दुर्गा की एकल नृत्य प्रस्तुति ने भी उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने तकनीकी आयोजन को उत्साहपूर्ण वातावरण प्रदान किया।

14 अक्टूबर तक चलेंगे प्रशिक्षण और मार्गदर्शन सत्र

महाविद्यालय में 12 से 14 अक्टूबर तक आयोजित इस कार्यशाला में तकनीकी प्रशिक्षण, कैरियर काउंसलिंग, व्यक्तित्व विकास, कौशल संवर्धन, स्टार्टअप और उद्यमिता से संबंधित सत्र आयोजित किए जाएंगे। ड्रोन तकनीक, तकनीकी मॉडल और प्रोटोटाइप आधारित गतिविधियों के जरिए छात्राओं की प्रयोगात्मक क्षमता, रचनात्मकता और समस्या समाधान कौशल को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जाएगा।

महिला सशक्तिकरण को आत्मनिर्भरता से जोड़ने की पहल

कॉलेज प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने कहा कि यह कार्यशाला छात्राओं को अपनी प्रतिभा पहचानने, नए विचार विकसित करने और भविष्य के लिए बेहतर अवसर तलाशने का मंच प्रदान करती है। तकनीकी ज्ञान के साथ व्यावहारिक कौशल और उद्यमिता का मार्गदर्शन युवतियों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर सकता है। आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि शिक्षित, तकनीकी रूप से दक्ष और आत्मनिर्भर युवतियां अपने परिवार के भविष्य को संवारने के साथ समाज और देश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं।

कपिल हत्याकांड का खुलासा, कार से टक्कर मारकर हत्या करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

सीहोर। थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कपिल नामक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने महज कुछ ही दिनों में बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने हत्या और हत्या के प्रयास की इस वारदात को अंजाम देने वाले दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिन्हें न्यायालय में पेश कर दिया गया है। घटना में प्रयुक्त की गई मारुति अल्टो कार भी पुलिस ने बरामद कर ली है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 05 अक्टूबर को मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान घटना के चश्मदीद गवाहों मितेश राठौर और राजा राय तथा अन्य साक्षियों के कथनों से यह स्पष्ट हुआ कि मामला प्रथम दृष्टया हत्या माना। इसके बाद थाना कोतवाली में आरोपी ओमदीप परमार के विरुद्ध हत्या और अन्य गंभीर धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी



सक्सेना ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे और नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक गिरीश दुबे के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया था। अज्ञात आरोपियों की शीघ्र पतासाजी कर उन्हें गिरफ्तार करने के सख्त निर्देश दिए गए थे।

सीसीटीवी फुटेज से पकड़े गए आरोपी : पुलिस टीम तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र का उपयोग करते हुए आरोपियों तक पहुंच बनाई। पुलिस ने मुख्य आरोपी ओमदीप परमार पिता बाबूलाल परमार निवासी ग्राम बमुलिया और उसके साथी दिनेश मेवाड़ा पिता पदम सिंह मेवाड़ा निवासी ग्राम थूना को दबोच लिया। आरोपी दिनेश मेवाड़ा की निशानदेही पर वह कार भी जब्त कर ली गई है, जिसका इस्तेमाल आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से कपिल राठौर की मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मारने के लिए किया था। पुलिस के अनुसार प्रकरण में शामिल अन्य साथियों की तलाश अभी जारी है, जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस अंधे कत्ल का खुलासा करने और आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाने में थाना प्रभारी निरीक्षक गिरीश दुबे, उप निरीक्षक विक्रम आदर्श, उप निरीक्षक विवेक आर्य, प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र परमार, आरक्षक हमीर सिंह, आरक्षक कृष्णकांत, आरक्षक जितेन्द्र चंद्रवंशी, आरक्षक कपिल मेवाड़ा, आरक्षक विवेकप्रताप सिंह, आरक्षक चेतन चौहान, आरक्षक राजकुमार और आरक्षक विष्णु की भूमिका रही।

ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती से आक्रोश, कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

ग्रामीणों के साथ विद्युत कंपनी के कार्यपालन अभियंता के नाम सौंपा ज्ञापन, जर्जर तारों और बार-बार फॉल्ट की समस्या उठाई

सीहोर। ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती और जर्जर विद्युत तारों से उत्पन्न समस्याओं को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसको लेकर सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने ग्रामीणों के साथ विद्युत कंपनी के कार्यपालन अभियंता के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेसजनों ने बिजली व्यवस्था में सुधार करने और नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।



कांग्रेस के किसान नेता खुमान सिंह गुर्जर ने कहा कि इन दिनों गर्मी के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, विद्यार्थियों की पढ़ाई भी जारी है। ऐसे समय में ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। बिजली नहीं रहने से विद्यार्थियों को पढ़ाई करने में दिक्कत होती है और ग्रामीणों को भी कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि विद्युत कंपनी की लापरवाही के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था प्रभावित हो रही है। अघोषित कटौती के साथ ही जर्जर विद्युत तारों के कारण बार-बार फॉल्ट होने की समस्या बनी रहती है। इससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ज्ञापन सौंपने के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से पवन गुर्जर, देवी सिंह तंवर, जफर, अफजल पठान, राकेश अहिरवार, विष्णु विश्वकर्मा, अनीश, किशन, सुरेंद्र लोधी, सुरेंद्र मोविया, जोदराम गुर्जर, वीर सिंह दांगी, शुभम विश्वकर्मा, इदरिश खान, गब्बर अहिरवार और गुरुदयाल दांगी सहित अहमदपुर एवं अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामीण मौजूद रहे।

नगर के मुख्य मार्गों से निकाली शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

पुरस्कार वितरण और प्रतिभा सम्मान समारोह के साथ अग्रसेन जयंती महोत्सव का समापन





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित छह दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव का समापन रविवार को भव्य शोभायात्रा, पुरस्कार वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के साथ हुआ। पूरे आयोजन के दौरान समाजजनों में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा।

रविवार शाम श्री सत्यनारायण मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शुजालपुर से आए विशेष बैंड, घोड़ों पर सवार राजकुमारों तथा बग्गी में विराजित महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। समाजजन पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए और उत्साहपूर्वक शोभायात्रा में सहभागिता की।

इसके पश्चात आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि सुभाष गुप्ता, विशेष अतिथि आनंद अग्रवाल तथा महिला मंडल अध्यक्ष रुक्मणि रोहिला उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने की। इस अवसर पर श्रीकृष्ण अग्रवाल ट्रस्ट के अध्यक्ष दिलीप राठिया एवं सत्यनारायण मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नीलेश जयपुरिया सहित समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी पवन गुप्ता ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत पांच दिनों तक विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समापन अवसर पर प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए स्वर्गीय घनश्यामदास बिड़ला की स्मृति में दिया जाने वाला सम्मान इस वर्ष श्रीमती तारामणि अग्रवाल को प्रदान किया गया। यह सम्मान 21 वर्ष पूर्व संस्थापक आशीष गुप्ता, देवेश अग्रवाल, पवन गुप्ता द्वारा स्थापित किया गया था। वहीं, शैक्षणिक एवं व्यावसायिक उपलब्धियों के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट गौरव अग्रवाल एवं यश अग्रवाल को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन विष्णु दयाल अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर मोहिनी अग्रवाल, संध्या मोदी, विशाल मोदी, अजय अग्रवाल, राजा अग्रवाल, गोविंद मित्तल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

पुलिस ने 78 लाख के 493 गुम मोबाइल ढूंढेः तीन साल में मिले फोन, मालिकों को सौंपे गए, चेहरे पर लौटी खुशी

सीहोर। पुलिस ने गुम हुए 78 लाख रुपए कीमत के 493 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मोबाइल उनके मालिकों को सौंपे गए। इनमें 260 मोबाइल सीधे पुलिस अधीक्षक कार्यालय में वितरित किए गए, जबकि 233 मोबाइल संबंधित थानों में प्रक्रिया पूरी होने के बाद लौटाए गए।



साइबर सेल और थानों की टीम ने की तलाश

पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के निर्देशन में साइबर सेल और थानों की टीमों ने तकनीकी मदद से मोबाइलों की तलाश की। पुलिस ने इन्हें देश के अलग-अलग हिस्सों से ट्रेस कर बरामद किया। इस कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी प्रधान आरक्षक सुशील कुमार साल्वे, प्रधान आरक्षक शैलेन्द्र सिंह राजपूत, आरक्षक अभिषेक चौहान, तरुण राठौर, अर्पित गुप्ता, जितेन्द्र राजपूत और संबंधित थानों की टीमों की भूमिका रही।

मोबाइल गुम होने पर तुरंत शिकायत की अपील : पुलिस ने लोगों से अपील की है कि मोबाइल गुम या चोरी होने पर बिना देरी किए संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराएं या ऑनलाइन शिकायत करें। इससे मोबाइल को तकनीकी माध्यम से ट्रेस कर बरामद करने में मदद मिल सकती है।

खबर संक्षेप



निपानिया कलां के विद्यार्थी पियुष गौर जिले में प्रथम

सीहोर। शासकीय विद्यालय निपानिया कलाँ के प्रतिभाशाली छात्र पियुष गौर ने मोगली उत्सव के अंतर्गत आयोजित प्रश्नमंच प्रतियोगिता में भाग लेकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासियों में हर्ष एवं उत्सव का माहौल है। मोगली उत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों में संवेदनशीलता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना है। विद्यार्थी की इस शानदार सफलता पर विद्यालय की प्राचार्य वर्षा नाईक, खेल शिक्षिका जीपी वर्मा, भारत सिंह गौर, नीरजा तोमर, संजय जैन, जितेन्द्र जोशी, मीना तिवारी, दिनेश परमार, रेखा सूर्यवंशी, राजमल वर्मा, ओपी चौधरी सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि को सामूहिक प्रयास, अथक मार्गदर्शन, निरंतर अभ्यास एवं विद्यार्थी की मेहनत का परिणाम बताया। यह जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा।

सलकनपुर देवी धाम में दुकानों का निरीक्षण, दो घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

सीहोर। घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने के लिए राजस्व, पुलिस एवं खाद्य विभाग के संयुक्त दल द्वारा सलकनपुर देवी धाम में संचालित दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकानों में घरेलू गैस सिलेंडरों के उपयोग की जांच की गई। इस दौरान व्यावसायिक उपयोग में लाए जा रहे दो घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। संयुक्त दल द्वारा स्पष्ट किया गया कि घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए निरीक्षण एवं कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। संबंधित विभागों द्वारा नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए निगरानी रखी जाएगी, ताकि घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग निर्धारित प्रयोजन के अनुरूप हो सके।

बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

चेतावनी: सप्ताह भर में नहीं सुधरी बिजली व्यवस्था तो होगा आंदोलन

सोमवार को जिला युवा कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी इछावर के आह्वान और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अभय मेहता के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता , ग्रामीण और किसान इछावर पहुंचकर आजाद चौक पर एकत्रित हुए।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



तहसील क्षेत्र ग्रामीण अंचल में हो रही बेतहाशा बिजली कटौती के विरोध में सोमवार को जिला युवा कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी इछावर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और किसानों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें बिजली कटौती , बढ़े हुए बिजली बिल सहित विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग की गई। साथ ही चैतावनी देते हुए कहा कि एक सप्ताह में मांगों का निराकरण नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

सोमवार को जिला युवा कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी इछावर के आह्वान और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अभय मेहता के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता , ग्रामीण और किसान इछावर पहुंचकर आजाद चौक पर एकत्रित हुए। इस दौरान वह रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अभय मेहता ने कहा कि क्षेत्र में बेहताशा अघौषित बिजली कटौती की जा रही है। इससे बच्चे , बुजुर्ग, महिला , किसान सभी परेशान हैं। स्थिति यह है कि घंटों - घरों बिजली गुल रहती है।

ऐसे में उमस और मच्छरों के कारण लोगों को रातजगा करने को मजबूर होना पड़ रहा है। इसके अलावा कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहें हैं। इतना ही नहीं उपभोक्ताओं को बिजली बिल भी भारी भरकम राशि के थमाए जा रहा है। स्मार्ट मीटर खपत से कई गुना अधिक रीडिंग बना रहे हैं। इससे उपभोक्ता सहित किसान काफी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह में समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी को उग्र आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ेगा। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता अभय कुमार मेहता, पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष बलवीर सिंह तोमर,पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनार सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष बलवान पटेल, पूर्व मार्केटिंग सोसाइटी अध्यक्ष रामनारायण परमार, अनिल राठी, राजेश परमार, सतीश परमार ,पार्षद जुनैदखान ,आकाश पवार आदि शामिल थे।

ज्ञापन में यह मांगें की गई

रात्रिकालीन विद्युत कटौती तत्काल बंद की जाए। इछावर रहित संपूर्ण सीहोर जिले में नोट सेटिंग के नाम पर की जा रही बार-बार की अघोषित विद्युत कटौती पर तत्काल रोक लगाई जाए। अपरिहार्य तकनीकी कारणों से बिजली बंद करनी पड़े तो उसकी स्याट जानकारी, कारण एवं संभावित अवधि उपभोक्ताओं को दी जाए। विद्युत आपूर्ति का समयबद्ध विवरण सार्वजनिक किया जाए। जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बिजली कटौती का समय, अवधि, कारण तथा संबंधित फीडर की जानकारी सार्वजनिक की जाए। स्मार्ट मीटर एवं बिजली बिलों की निष्पक्ष जाँच हो। स्मार्ट मीटर की रीटिंग, उनकी शुद्धता, बिल निर्धारण, अतिरिक्त शुल्कों तथा उपभोक्ताओं से वसूली जा रही राशि की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जाँच कराई जाए। जॉप में गलत बिधियों या अनुचित वसूली पाए जाने पर तत्काल सुधार, अतिरिक्त राशि की वापसी तथा जिम्मेदार व्यक्तियों पर विभामाय कार्यवाही की जाए। उबभोल्ताओं की शिकायतों का समयबद्ध निवारण हो। अलग व्यवस्था बनाई जाए तथा प्रत्येक शिकायत पर लिखित कार्यवाही की जानकारी दी जाए। सीहोर जिले में विशेष शिकायत निवारण शिविर लगाए जाएँ, स्मार्ट मीटर, अधिक बिजली बिल, गलत सैड़ों और अनावश्यक शुल्कों से संबंधित शिकायतों के लिए। किसानों एवं ग्रामीण परिवारों की निर्बाध और स्थापित विद्युत आपूर्ति मिले। कृषि कार्य, पेयजल व्यवस्था, घरेलू आवश्यकताओं, विद्याषयों की पढ़ाई तथा आम नागरिकों के जीवन को ध्यान में रखते हुए नियमित मानकों के अनुसार बिजली उपलब्ध कराई जाए। जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। विद्युत कटौती एवं बिलिंग संबंधी शिकायतों की जाँच के लिए वच्ठि अधिकारियों की निगरानी में जाँच कराई जाए और उसकी रिपोर्ट सार्वजगिक की जाए। सीहोर जिले के कोसमी में आदिवासी भाइयों की जमीन से उनको बेदखल किया गया है, उनकी फसलों को बर्बाद किया गया है, व उनके मकानों को तोड़ा गया है उसका शीघ्र मुआवजा दिया जाए, अन्यथा उग्र आंदोलन होगा।

महाष्टमी पर 101 कन्याओं का पूजन कर वितरित की जाएगी प्रसादी



सीहोर। शहर के विश्रामघाट के समीप स्थित प्राचीन मरीह माता मंदिर में नवरात्रि के पावन अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों और विशेष हवन-पूजन का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर में प्रतिदिन सुबह और शाम आरती के साथ दुर्गा चालीसा एवं दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जा रहा है। मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। श्रद्धालु मां भगवती की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं।

नवरात्रि के दूसरे दिन मंदिर में कन्या पूजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर व्यवस्थापक गोविंद मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, पंडित उमेश दुबे, जिला संस्कार मंच के संयोजक जितेंद्र तिवारी, सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट, महेश कुमार और आयुष गुप्ता सहित अन्य श्रद्धालुओं ने कन्याओं का पूजन कर मां भगवती का आशीर्वाद लिया।

मां ब्रह्मचारिणी की आराधना से मिलता है तप और संयम का संदेश

नवरात्रि के दूसरे दिन मां दुर्गा के द्वितीय स्वरूप देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, ब्रह्म का अर्थ तपस्या और चारिणी का अर्थ आचरण करने वाली है। इस प्रकार मां ब्रह्मचारिणी तप, संयम और साधना की प्रतीक मानी जाती हैं।

मान्यता है कि मां ब्रह्मचारिणी की आराधना से भक्तों को आत्मविश्वास, आरोग्य, सौभाग्य और निर्भयता की प्रेरणा मिलती है। मां का यह स्वरूप व्यक्ति को अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ रहने और कठिन परिस्थितियों में भी सही मार्ग पर चलने का संदेश देता है। पौराणिक कथा के अनुसार, मां भगवती ने पार्वती के रूप में पर्वतराज के यहां जन्म लिया था। महर्षि नारद के मार्गदर्शन में उन्होंने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की। कहा जाता है कि उन्होंने हजारों वर्षों तक कठिन साधना की और लंबे समय तक निराहार रहकर तप किया। उनकी इसी तपस्या के कारण उन्हें तपश्चारिणी और ब्रह्मचारिणी के नाम से जाना गया। मां ब्रह्मचारिणी का स्वरूप भक्तों को धैर्य, त्याग, संकल्प और आत्मसंयम की सीख देता है। नवरात्रि में उनके पूजन का विशेष महत्व माना जाता है।

मरीह माता मंदिर में पूजा-पाठ जारी

जिला संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि मरीह माता मंदिर में नवरात्रि के दौरान नियमित रूप से पूजा-पाठ और आरती के कार्यक्रम जारी रहेंगे। महाष्टमी के अवसर पर 101 कन्याओं का पूजन किया जाएगा तथा श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी। मंदिर में आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से श्रद्धालु मां भगवती की आराधना कर रहे हैं।

मेहंदी बनाओ प्रतयोगिता में छात्राओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सम्राट अशोक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टड्रीज में दिनांक 12 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित युवा उत्सव 2026 में सोमवार को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया। जिसमें कॉलेज की छात्राओं बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया जिसमें हुए आयोजन की मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राएं यशिका विश्वकर्मा, अभिलाषा वर्मा, तनु बकोरिया, नेहा मेवाड़ा, आरती वर्मा, ईशा सेन, दिव्यांशी गोस्वामी ने अपनी-अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वहीं मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नेहा मेवाड़ा बीएससी द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर निशा सेन बीएससी प्रथम वर्ष, तृतीय विजेता यशिका विश्वकर्मा बीएससी तृतीय वर्ष रहीं।

विजेता प्रतिभागियों को पुरुस्कार कॉलेज के प्राचार्य हिमांशु राय द्वारा दिए गए। इस असवर पर कॉजेल स्टॉफ का पूर्ण योगदान रहा। जिनमें निर्णायक समिति में हिमांशु राय, राकेश यादव, निखलेश गुर्जर और कार्यकारिणी समिति में रोशनी यादव, दीक्षा सोलंकी शामिल रहे।

धरने से काम नहीं चलेगा शिवराज जी, नैतिक जिम्मेदारी लें और इस्तीफा दें:कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुजराती

सीहोर। जिले के बुधनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोसमी में आदिवासी परिवारों के घर ढहाए जाने और फसलें नष्ट किए जाने का मामला अब बड़े राजनीतिक तूफान में बदल गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने केंद्रीय कृषि मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर सीधा हमला बोला है। कांग्रेस नेता गुजराती ने कहा कि अब केवल धरने पर बैठने,मीडिया बाइट देने या नौटंकी करने से काम नहीं चलेगा। शिवराज सिंह चौहान को इस पूरे घटनाक्रम की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि उन जमीनों पर यदि गरीब आदिवासी परिवार खेती करते थे तो भाजपा के ही शासन में ये जमीन वन विभाग द्वारा लीज पर वन विकास निगम को दी गई थीं। अब नियमों के तहत वन विकास निगम कार्यवाही को वैधानिक बताया है। जिसके चलते गरीब आदिवासी परिवारों पर यह जुल्म ढहाया गया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती का कहना है कि जब यह आदिवासी परिवार पहले से ही इस जमीन पर खेती कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे थे तो फिर इस जमीन को वन विकास निगम को देने की जरुरत क्या पड़ी थी। ये तो कुछ ऐसा हुआ कि बैट्समैन भी आप बॉलर भी आप ख़ुद दोडक़र कीपिंग कर लो और अंपायर भी आप। गुजराती ने आरोप लगाया कि पंचायत से



लेकर केंद्र तक भाजपा की सरकार है जो भी कार्यवाही उक्त जमीन को लेकर हुई है चाहे वो वन विभाग से वन विकास निगम को देनेवाली हुई हो या अतिक्रमण हटाने की हुई हो वो आपके ही भाजपा शासन में हुई है तो सांसद विधायक होने के नाते आपको जिम्मेदारी लेनी चाहिए ना की झूठ की राजनीति करनी चाहिए।

18 साल मुख्यमंत्री रहे, पर बुधनी लगातार झेल रहा दंश : राजीव गुजराती ने कहा शिवराज जी कहते हैं कि मोहन यादव आदिवासियों के वोटों से मुख्यमंत्री बने हैं तो वे यह क्यों भूल जाते हैं कि खुद वे भी 18 साल तक इन्हीं आदिवासियों के वोटों से मुख्यमंत्री रहे हैं और आज उन्हीं के वोटों से केंद्रीय मंत्री बने बैठे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बुधनी विधानसभा क्षेत्र लगातार शिवराज सिंह चौहान की नाकामियों का दंश झेल रहा है। चाहे रेलवे लाइन निर्माण में किसानों की खड़ी फसलें रौंदने और मुआवजे में गड़बड़ी का मामला हो, सालों से बदहाल पड़ा बुधनी-गोपालपुर मार्ग हो, नगर पंचायतों में मचा भ्रष्टाचार हो, नर्मदा का अवैध खनन हो या फिर जंगलों में धड़ल्ले से लकड़ी की चोरी हो, शिवराज सिंह चौहान एक जनप्रतिनिधि के रूप में हर मोर्चे पर पूरी तरह नाकाम साबित हुए हैं। राजीव गुजराती ने तंज कसते हुए कहा कि शाहगंज थाने में कानून का कोई राज नहीं बचा है। उन्होंने कहा आपके पीछे खड़े पीड़ित बेबसी में रो-रोकर बदहाल हैं और आप मीडिया बाइट देने में मस्त हैं। यह कैसी संवेदना है, यह तो सिर्फ मुख्यमंत्री मोहन यादव को घेरने के लिए किया जा रहा एक राजनीतिक स्टंट है। उन्होंने शिवराज सिंह चौहान को चुनौती देते हुए कहा कि दिशा की बैठक में उन्होंने जिन भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ सीडी जारी करने की बात कही थी, उसे तुरंत जारी करें, अगर समय रहते वे वह सीडी जारी कर देते तो आज कोसमी के इन गरीब आदिवासियों को ऐसा दुखद दिन नहीं देखना पड़ता।

खून के आंसू रो रहे हैं आदिवासी, खुले आसमान के नीचे गुजरी रात : कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि कोसमी गांव में जिन गरीब बरेला समाज के परिवारों के घर तोड़े गए हैं, वे इस वक्त खून के आंसू रोने को मजबूर हैं। रविवार और सोमवार की पूरी रात इन मासूम बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं ने कड़ाके की ठंड के बीच खुले आसमान के नीचे बिताई है। उनके पास न खाने को दाना बचा है और न सिर पर छत। राजीव गुजराती ने स्पष्ट किया कि भाजपा नेताओं की अंदरूनी खींचतान और आपसी गुटबाजी में कांग्रेस पार्टी गरीब आदिवासियों और आम जनता को घुन की तरह पिसने नहीं देगी।

विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन और निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप राशि के उपयोग पर जोर



सीहोर। जिला पंचायत अध्यक्ष रचना सुरेन्द्र मेवाड़ा की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही 16वें वित्त आयोग के अनुदान के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने एजेण्डे के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि अनाबद्ध अनुदान से गौशाला, सड़क, नाली, खेल मैदान, पुस्तकालय और पंचायत भवनों में डिजिटल सुविधाओं सहित विभिन्न विकास कार्य कराए जा सकेंगे। इस राशि का अधिकतम 20 प्रतिशत हिस्सा ही सड़क निर्माण एवं मरम्मत पर खर्च किया जा सकेगा। आबद्ध अनुदान से पेयजल व्यवस्था, पाइपलाइन, जल स्रोतों की सुरक्षा, शौचालय, कचरा प्रबंधन और स्वच्छता संबंधी कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। दिशा-निर्देशों के अनुसार आयोग की राशि से वेतन, मानदेय, वाहन खरीद, विज्ञापन, समारोह और अन्य प्रशासनिक खर्च नहीं किए जा सकेंगे। अन्य योजनाओं से पहले से वित्तपोषित कार्यों पर दोबारा राशि खर्च करने पर भी प्रतिबंध रहेगा। बैठक में विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन और निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप राशि के उपयोग पर जोर दिया गया। बैठक में जिला पंचायत के उपाध्यक्ष जीवन सिंह मंडलोई सहित समिति के सभी सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

विधि-विधान से पूजन के बाद करौली वाली माता मंदिर से रवाना होगी यात्रा

15 अक्टूबर को निकालेंगे चुनरी यात्रा, 151 मीटर की चुनरी, 7 किमी तक पैदल लेकर चलेंगे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



धर्म, आस्था और सनातन संस्कृति की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शहर में आयोजित होने वाली भव्य चुनरी यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। आगामी 15 अक्टूबर को शहर के प्रसिद्ध शक्तिपीठ करौली वाली माता मंदिर से सुबह 10:30 बजे चुनरी यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। इस दौरान हजारों की संख्या में मातृशक्ति, युवा और श्रद्धालु शामिल होकर मां जगदंबा के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित करेंगे। इस वर्ष माता रानी को 151 मीटर लंबी भव्य चुनरी अर्पित की जाएगी। यात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा भी की जाएगी।

चुनरी यात्रा से पहले काकड़खेड़ा वाली माता मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन किया जाएगा। इसके साथ ही नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी मंदिर और सलकनपुर स्थित मां विजयासन धाम की धार्मिक परंपराओं के अनुरूप पूजन कर माता रानी का आशीर्वाद लिया जाएगा। इसके पश्चात करौली वाली माता मंदिर से भव्य चुनरी यात्रा रवाना होगी। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं और समिति के सदस्यों द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। मां के जयकारों और भक्तिमय वातावरण के बीच निकलने वाली यह यात्रा श्रद्धालुओं की आस्था और समर्पण का प्रतीक बनेगी।

14 वर्षों से निरंतर शामिल हो रही हैं हजारों मातृशक्तियां

चुनरी यात्रा पिछले 14 वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही है। हर वर्ष इसमें हजारों की संख्या में मातृशक्ति शामिल होकर माता रानी को चुनरी अर्पित करती हैं। यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता और सामूहिक सहभागिता का संदेश भी देता है। इस वर्ष भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। 151 मीटर की चुनरी माता रानी के प्रति भक्तों की श्रद्धा, विश्वास और समर्पण का प्रतीक होगी। यात्रा के दौरान माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय रहेगा। हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा आयोजन का विशेष आकर्षण रहेगी।

आस्था और संस्कृति से नई पीढ़ी को जोड़ना हमारा दायित्व : प्रिंस राठौर

नगर पालिका अध्यक्ष एवं हिंद रक्षक युवा समिति के संरक्षक प्रिंस राठौर ने कहा कि चुनरी यात्रा हमारी आस्था, श्रद्धा और सनातन संस्कृति से जुड़ा महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है। माता रानी के प्रति भक्तों की अटूट श्रद्धा ही ऐसे आयोजनों को भव्य स्वरूप प्रदान करती है। सीहोर की धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाना और युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं संस्कारों से जोड़ना हम सभी का दायित्व है।

उन्होंने कहा कि मां जगदंबा की कृपा से हर वर्ष चुनरी यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह और सहभागिता बढ़ती जा रही है। 151 मीटर की चुनरी भक्तों की श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक है। इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक जागरूकता को मजबूत करते हैं।

श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील

नपाध्यक्ष राठौर ने समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों, मातृशक्ति, युवाओं और श्रद्धालुओं से 15 अक्टूबर को आयोजित होने वाली चुनरी यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी की सहभागिता से इस धार्मिक आयोजन को भव्य स्वरूप मिलेगा। यह चुनरी यात्रा धार्मिक परंपरा के निर्वहन के साथ सामाजिक एकजुटता और सनातन संस्कृति के प्रति समर्पण का संदेश देगी। माता रानी के जयकारों के बीच निकलने वाली यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है।

कार्यालय तहसीलदार/अनु. अधि/नजूल अधि० न्यायालय नायब तहसीलदार, वृत्त 3 खाचरोद, तहसील आष्ठा, जिला सीहोर म.प्र. (Sandeep gaur) जिलाः सीहोर

क्रमांक: 0004/अ-20(3)/2026-27 / रीडर / प्र. क्र.: दिनांक: 21/10/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम खाचरोद तहसील आष्टा जिला सीहोर की शासकीय नजूल भूमि सर्वे नंबर 545, रकबा 1.7330, में से 405, हैं। भूमि सहकारिता विभाग को भूमि आवंटन हेतु आवेदन हेतु आवंटित किये जाने का आवेदन विचारार्थ लिया गया हैं। उक्त आवंटन में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस इश्तेहार जारी होने के दिनांक से प्रकरण में नियत आगामी (कम से कम 15 दिवस उपरांत) दिनांक 21/10/2026 के पूर्व अथवा उक्त दिनांक को अपनी आपत्ति ऑनलाइन अथवा लिखित रूप से न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्रस्तुत आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा । आज दिनांक 21/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी किया गया हैं।

न्यायालय नायब तहसीलदार, वृत्त 3 खाचरोद, तहसील आष्ठा जिला सीहोर

कार्यालय तहसीलदार/अनु. अधि/नजूल अधि० न्यायालय नायब तहसीलदार, वृत्त 3 खाचरोद, तहसील आष्ठा, जिला सीहोर म.प्र. (Sandeep gaur) जिलाः सीहोर

क्रमांक: 0004/अ-20(3)/2026-27 / रीडर / प्र. क्र.: दिनांक: 22/10/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम खाचरोद तहसील आष्टा जिला सीहोर की शासकीय नजूल भूमि सर्वे नंबर 545/1, 545/3, रकबा 1.7330, 1.7670, में से 0.00, 0.00, हैं। भूमि gram panchayat khachrod को भूमि आवंटन हेतु आवेदन हेतु आवंटित किये जाने का आवेदन विचारार्थ लिया गया हैं। उक्त आवंटन में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस इश्तेहार जारी होने के दिनांक से प्रकरण में नियत आगामी (कम से कम 15 दिवस उपरांत) दिनांक 22/10/2026 के पूर्व अथवा उक्त दिनांक को अपनी आपत्ति ऑनलाइन अथवा लिखित रूप से न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता हैं । निर्धारित अवधि पश्चात प्रस्तुत आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा । आज दिनांक 22/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी किया गया हैं।

न्यायालय नायब तहसीलदार, वृत्त 3 खाचरोद, तहसील आष्ठा जिला सीहोर

गुराड़िया गांव में पति द्वारा की गई पत्नी की जघन्य हत्या का मामला

पत्नी को कुल्हाड़ी से काट 100 किमी भागा पति, खाया जहर, पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



कोतवाली थानाक्षेत्र के गुराड़िया गांव में शनिवार सुबह कुल्हाड़ी से काटकर पत्नी की हत्या कर भागने वाला पति पकड़ा गया है। नास्तिकता के चलते की गई पत्नी की हत्या का दोषी पति करीब 100 किमी भागते-भागते राजस्थान के रास्ते सेमलाजोड़ पहुंचा। यहां उसने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया जिसके चलते वो बदहवाश होकर गिर गया। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। आरोपी का इलाज फिलहाल जिला अस्पताल में चल रहा है। आपको बता दें कि गुराड़िया गांव में शनिवार सुबह गायत्रीबाई गुर्जर की उसके ही पति रामबाबू ने कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी थी।

दरअसल, भगवान को नहीं मानता था और इसी बात पर उसका पत्नी गायत्रीबाई से अक्सर विवाद और झगड़ा होता रहता था। शनिवार को यह झगड़ा इतना बढ़ा कि रामबाबू ने कुल्हाड़ी से पत्नी पर दस से ज्यादा वार किए और मृत पत्नी को घर में छोड़कर भाग निकला।

सेमलापार जोड़ पहुंचकर खाया जहर

हत्या के बाद इधर, कोतवाली पुलिस तफ्तीश करते हुए रामबाबू की तलाश कर रही थी और वो भागकर पिपलोदी राजस्थान आदि रास्ते से होकर भोजपुर क्षेत्र के सेमलापार जोड़ पहुंच गया। यहां उसने कोई जहरीला पदार्थ गटक लिया और वहीं बदहवाश होकर गिर गया। इस बात की सूचना भोजपुर पुलिस को मिलने पर पहले रामबाबू को खिलचीपुर अस्पताल लाया गया। यहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया जहां उसका इलाज जारी है।

नास्तिक था हत्यारा पति

मृतका के मायके पक्ष के लोगों के अनुसार उनकी बेटी गायत्री बाई का पति रामबाबू नास्तिक था। वो ईश्वर में भरोसा नहीं करता था। इसके चलते पति-पत्नी में अक्सर विवाद होता रहता था। नास्तिकता के चलते हुए इस विवाद की परिणिति शनिवार को हत्या के रूप के सामने आई थी। दरअसल, हत्यारा पति रामबाबू संत रामपाल का अनुयायी था। वो पत्नी को बाध्य करता था कि वह भी संत की अनुयायी बने लेकिन मृतका पत्नी ईश्वर भक्त थी और उसने संत रामपाल को मानने से पूरी तरह इनकार कर दिया था। बस, यही इनकार हत्या की जड़ के रूप में सामने आया है।

आठ घंटे इसलिए गांव में ही पड़ा रहा था मृतका का शव

जघन्य हत्या के इस मामले में कोतवाली पुलिस भलेही तुरंत मौके पर पहुंच चुकी थी लेकिन शव आठ घंटे तक घटनास्थल पर ही पड़ा रहा था। दरअसल, राजगढ़ मुख्यालय पर एसएफएल अधिकारी का पद अर्से से रिक्त है। विदिशा जिले से उन्हें राजगढ़ आने और फिर घटनास्थल पर अन्य आवश्यक जांच-पड़ताल करने में इतना समय व्यतीत हो गया कि शव का पोस्टमार्टम आठ घंटे बाद हो पाया था।

रास्ते में बैटरी डिस्चार्ज होने से फंसे दिव्यांग तीर्थयात्री, पुलिस ने उन्हें सुरक्षित पहुंचाया

कामखेड़ा बालाजी के दर्शन करने जा रहे थे दिव्यांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

राजगढ़ जिला पुलिस कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ साथ सामुदायिक पुलिसिंग और मानवीय संवेदनशीलता की मिसाल पेश कर रही है। इसी कड़ी में थाना कालीपीठ पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान बीच रास्ते में फंसे दिव्यांग तीर्थयात्रियों की मदद कर उन्हें सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाया, जिसकी सर्वत्र सराहना हो रही है।

दरअसल, दिव्यांग श्रद्धालु अपनी बैटरी चालित ट्राइसाइकिल से प्रसिद्ध धाम कामखेड़ा बालाजी के दर्शन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अचानक उनकी साइकिल की बैटरी डिस्चार्ज हो गई, जिससे वे आगे बढ़ने में पूरी तरह असमर्थ हो गए। रात का अंधेरा और सुनसान रास्ता होने के कारण वे बुरी तरह परेशान हो रहे थे। तभी रात्रि गश्त कर रहे थाना कालीपीठ पुलिस जवानों की नजर इन बेबस तीर्थयात्रियों पर पड़ी। जवानों ने तुरंत वाहन रोककर उनकी परेशानी जानी और संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल सहायता उपलब्ध कराई। पुलिस कर्मियों ने यात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाने का मुकम्मल प्रबंध किया, जिससे उन्हें राहत मिली और तीर्थयात्रा में आई बाधा दूर हुई।

इन पुलिसकर्मियों ने निभाई अहम भूमिका

दिव्यांग तीर्थयात्रियों की इस मानवीय मदद में प्रधान आरक्षक माखन सिंह, प्रधान आरक्षक चेतन सिंह, आरक्षक 856 प्रशांत शर्मा तथा डायल- चालक सुनील यादव की विशेष और सराहनीय भूमिका रही। पुलिस का यह कार्य दर्शाता है कि खाकी केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं, बल्कि संकट के समय सेवा और संबल का भी प्रतीक है।

सहनशीलता व समता का गुण लाएं : प्रत्यक्षरत्नविजय

मंदसौर। धर्मबिन्दू ग्रंथ शास्त्र में शास्त्रकार श्री हरिभद्रसूरि म. सा. ने मनुष्य को अपना सामान्य जीवन कैसे जीना चाहिये इस पर विस्तार से बताया है। शास्त्रकार कहते हैं कि हम जीवन में समता व सहनशीलता का गुण लायें। गृहस्थ जीवन में पारिवारिक सदस्यों के मध्य मनमुटाव एवं आपसी क्लेश होता रहता है। जीवन में सभी सदस्यो को सहनशीलता व समता का भाव रखना चाहिये। सहनशीलता एवं समता का भाव रखकर ही हम गृहस्थ जीवन में सुखी रह सकते हैं। उक्त उद्गार प. पू. जैन संत मुनिराज श्री प्रत्यक्षरत्नविजयजी म. सा. ने जीवागंज स्थित राजेन्द्र विलास में कहे। आपने सोमवार को यहाँ धर्मसभा में कहा कि किसी को भी बिना सोचे समझे अनाप शनाप मत बोलो। यदि किसी ने बोल भी दिया है तो उसका प्रतिकार मत करो बल्कि दूसरे के क्रोध को चुपचाप सहन करो। सहनशीलता का व्यवहार ही घर परिवार में आपसी क्लेश व संघर्ष को रोक सकता है। आपने कहा कि जितना मीठा व उत्तम हम दूसरों से घर के बाहर बोलते हैं, हमारे उतना ही हम घर परिवार के सदस्यो के साथ बोले। उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार करें। धर्मसभा में मुनि श्री पवित्ररत्नविजयजी म. सा. ने भी अपने विचार रखे।

10 दिन पहले सस्पेंड हुई थीं

सीएमएचओ के रिक्त पद की पूर्ति के लिए कलेक्टर को लिखा पत्र



राजगढ़। नरसिंहगढ़ क्षेत्र में पदस्थ एक महिला स्वास्थ्यकर्मी की मृत्यु के 8 माह बाद भी जारी होते रहे वेतन मामले में राजगढ़ सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल को बीते दिनों सस्पेंड कर दिया गया था। मामले में लापरवाही बरते जाने पर सीएमएचओ दफ्तर के लेखापाल भी निलंबित हुए थे।

सीएमएचओ डॉ. पटेल के निलंबन के 10 दिनों बाद भी यह पद रिक्त पड़ा हुआ है जिसके चलते जिला अस्पताल की अनेकों व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। ऐसे में सीएमएचओ का दायित्व जिम्मेदार अधिकारी को देने पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा को पत्र लिखा है। पत्र में उल्लेख है कि सीएमएचओ अपने सस्पेंशन के अगेंस्ट न्यायालय से स्टे भी ला सकती हैं। चूंकि, उन्हें लोकायुक्त कार्यवाही में भी 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा जा चुका है ऐसे में उनका पुनः जिले में आना उचित नहीं है। ऐसे में पूर्व विधायक तंवर ने डीएच की व्यवस्थाओं के मद्देनजर यह दायित्व योग्य और प्रशासनिक रूप से कुशल चिकित्सक को देने का अनुरोध किया है।

आयुक्त ने किया था निलंबन

आपको बता दें कि विभाग में आर्थिक अनियमितताओं को लेकर हुई जांच उपरांत लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग आयुक्त धनराजू एस. ने सीएमएचओ डॉ. पटेल को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया था। इस आदेश के पूर्व सीएमएचओ को लाभ पहुंचाने जानबूझकर की गई त्रुटि के लिए लोकायुक्त ने भी आयुक्त को नोटिस जारी किया था।

नवरात्रि और दशहरे पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

गरबा पंडालों, झांकियों के दौरान यातायात और बिजली व्यवस्था बनाए रखने पर विचार-विमर्श किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

नगर में नवरात्रि महोत्सव, घट स्थापना और दशहरे पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।



बैठक में नवागत नायब तहसीलदार रामवीर सिंह मीणा ने नगर के गणमान्य नागरिकों से परिचय प्राप्त कर विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की। बैठक में थाना प्रभारी आदित्य सोनी ने नगर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नागरिकों से सुझाव लिए। गरबा पंडालों, झांकियों और दशहरे के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान नागरिकों ने नगर में बुलेट मोटरसाइकिल चालकों द्वारा पटाखों जैसी तेज आवाज निकालने और तेज गति से वाहन चलाने की शिकायत उठाई। इस पर थाना प्रभारी ने संबंधित वाहन चालकों की पहचान कर कार्रवाई करने की बात कही। नगर परिषद की व्यवस्थाओं को लेकर सीएमओ देवेंद्र वत्स से चर्चा की गई। पर्व के दौरान साफ-सफाई सहित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की बात कही गई, जिस पर उन्होंने समुचित व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। वहीं, नवरात्रि महोत्सव के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए विद्युत मंडल के कनिष्ठ यंत्री मनोज वर्मा और लाइनमैन मुन्नालाल से आवश्यक व्यवस्था करने की बात कही गई।

बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष अमिता मंडलोई, वरिष्ठ नेता शिवप्रसाद मारू, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष पवन मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि मदन पटेल, रोडूराम पहलवान, प्रेम नारायण सोनी, दयाराम राठौर, प्रकाश सोनी, दिनेश सोनी, यूनुस भाई, सुलेमान भाई सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सरस्वती विद्या मंदिर में मातृगोष्ठी

बच्चों के जीवन में माता की भूमिका संस्कारों का महत्व बताया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



सरस्वती विद्या मंदिर, सारंगपुर में मातृगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं को विद्यालय की शैक्षणिक एवं संस्कारमय गतिविधियों से जोड़ना तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना रहा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में वर्षा जाटव एवं प्रिया बृजवासी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य चैन सिंह बन्नासिया ने माताओं को संबोधित करते हुए बच्चों के जीवन में माता की भूमिका, संस्कारों के महत्व तथा परिवार और विद्यालय के समन्वय पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में माता-पिता एवं शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार देना भी आवश्यक है, ताकि वे एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें।अतिथियों का स्वागत छाया जोशी एवं दीक्षा राठौर ने किया। अतिथि परिचय वंदना गौड़ ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन पूजा तिवारी ने किया तथा कार्यक्रम की प्रभारी मोनिका शर्मा रहीं। कार्यक्रम में मातृशक्ति की सहभागिता ने आयोजन को सार्थक बनाया। मातृगोष्ठी के माध्यम से विद्यालय एवं अभिभावकों के बीच संवाद और सहयोग को मजबूत करने का प्रयास किया गया।

गंज स्कूल स्थित पुस्तकालय में मद्य निषेध पर कार्यशाला आयोजित की

जर्दा, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, शराब, गांजा, अफीम, ड्रग्स के नुकसान बताए, कोई भी नशा न करने दिलवाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग एवं उन्नति फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से 2 से 8 अक्टूबर तक नशामुक्ति सप्ताह का आयोजन रखा गया। अंतिम दिवस गंज स्कूल स्थित पुस्तकालय में मद्य निषेध अंतर्गत कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों को बताया कि किसी भी तरह मादक पदार्थ जैसे जर्दा, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, शराब, गांजा, अफीम, ड्रग्स का सेवन जीवन बर्बाद कर देता है।

इस दौरान नशा किस तरह छोड़ा जा सकता है उस पर भी कार्यशाला में चर्चा करते हुए नशामुक्ति के उपाय बताए गए। विद्यार्थियों ने आश्वासन दिया कि नशामुक्ति की पहल वे अपने घर से करते हुए नशामुक्त भारत के संकल्प को पूरा करने में अपना योगदान देंगे। अंत में सभी को शपथ दिलवाई गई कि वे जीवन में कभी किसी तरह का नशा नहीं करेंगे। इस अवसर पर पुस्तकालय प्रभारी आशीष कौशिक, संस्था प्रबंधक बरखा दांगी, जिला समन्वयक कालूसिंह सिसौदिया, टीम सदस्य प्रियंका जाटव सहित अन्य उपस्थित रहे।

शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन निकाली यात्रा, मां कर्मादेवी मंदिर से आरंभ हुई, शक्तिपीठ पर समाप्त

साहू समाज हर वर्ष जालपा धाम तक ध्वज यात्रा का आयोजन करता आ रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



मां कर्मादेवी की प्रेरणा से नगर का साहू समाज हर वर्ष जालपा धाम तक ध्वज यात्रा आयोजन करता आ रहा था। इसी कड़ी में शारदेय नवरात्र के प्रथम दिन समाज के महिला, पुरुषों ने आरंभ की। मां कर्मादेवी मंदिर से आरंभ हुई यह यात्रा शक्तिपीठ पहुंचकर समाप्त हुई। साहू समाज के नगर अध्यक्ष कमलेश साहू ने बताया कि समाज द्वारा अनवरत 4 सालों से इस ध्वज यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा का उद्देश्य न केवल समाज बल्कि संपूर्ण राजगढ़ नगर और जिले की सुख, शांति, समृद्धि की कामना रहता है।

छह वर्षों से निशुल्क जल सेवा

उल्लेखनीय है समाज द्वारा बीते छह सालों से जालपा धाम के रास्ते में कहीं एक स्थान पर निशुल्क शीतल जल सेवा भी करवाई जा रही है। यह सेवा नवरात्र के पूरे नौ दिनों तक रहती है।

मंदिर पर लगवाए गए हैं अतिरिक्त सीसीटीवी

उधर, पुलिस प्रशासन द्वारा भी मंदिर परिसर के अलग-अलग स्थानों पर सीसीटीवी स्थापित करवाए गए हैं। इन सीसीटीवी का उद्देश्य श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ ही असामाजिक तत्वों पर भी पैनी नजर बनाए रखना है। इसके साथ ही सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस स्टाफ भी परिसर में तैनात करवाया गया है।

नवरात्रि में गरबा आयोजनों पर प्रतिबंध लगाने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन



विदिशा। ज्ञापन देकर सनातन धर्म रक्षा परिषद ने जताया विरोध।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सनातन धर्म रक्षा परिषद ने सार्वजनिक और निजी उद्यानों में व्यावसायिक गरबा आयोजनों पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

परिषद के संस्थापक धर्माधिकारी पं. जितेंद्र शास्त्री ने कहा कि गरबा देवी आराधना का पवित्र पारंपरिक उत्सव है। इसकी धार्मिक गरिमा बनाए रखने के लिए टिकट-पास आधारित आयोजनों पर रोक लगाने के साथ पहचान पत्रों का सत्यापन और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिला अध्यक्ष कृष्णा कुशवाह ने स्पष्ट किया कि परिषद गरबा उत्सव के विरोध में नहीं, बल्कि धार्मिक मर्यादाओं के उल्लंघन और गैरकानूनी गतिविधियों के विरुद्ध है।

ऋषभ ने हासिल किया दूसरा स्थान, हेमेंद्र और सुमित को भी पुरस्कार

शमशाबाद। शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय लटेरी में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित क्विज प्रतियोगिता में पीएम श्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र ऋषभ कुशवाह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि हेमेंद्र राजपूत चतुर्थ स्थान पर रहे। वहीं सुमित केवट को भी पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने ज्ञान, तार्किक क्षमता और विषयों की समझ के आधार पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों को कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया। प्राचार्य आशीष सक्सेना ने छात्रों को बधाई दी।

यात्रा आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक में किया विचार

17 को नवरात्रि की सप्तमी पर निकालेंगे चुनरी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



लगातार 16 वर्षों से क्षेत्र के प्रसिद्ध दैवीय शक्तिपीठ मां जालपा धाम तक निकाली जा रही चुनरी यात्रा इस बार 17 अक्टूबर सप्तमी तिथि को निकाली जाएगी। उक्त यात्रा के सुचारू संचालन, तैयारियों समेत समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं बनाने आयोजन समिति द्वारा रविवार दोपहर स्थानीय गीता मानस प्रचार समिति में एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में तय किया कि चिलचिलाती धूप के दृष्टिगत इस वर्ष भी राजमहल परिसर से जालपा माता धाम तक करीब 6 किमी के रास्ते में कारपेट बिछवाया जाएगा ताकि नंगे पैर चलने वाले भक्तों के पैर न जलें। इसके साथ ही राजमहल परिसर में पहले चुनरी की पूजा-अर्चना की जाएगी एवं तदुपरांत यात्रा आरंभ होगी। यात्रा आयोजन के लिए अर्थ जुटाने समिति द्वारा आमजनों के लिए क्यूआर कोड सार्वजनिक किया जाएगा। श्रद्धालु भक्तगण अपनी श्रद्धानुसार सहयोग कर सकेंगे।

समितियां, सामाजिक संस्थाएं कर सकती हैं सहयोग

इस यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं। ऐसे में छह किमी के रास्ते के दरम्यान कोई भी समिति, धार्मिक संगठन, सामाजिक संगठन, निजी व्यक्ति अपने-अपने स्तर से शीतल जल, फलहारी प्रसाद व भक्तों के लिए अन्य व्यवस्थाएं कर सकेंगे।

खबर संक्षेप

संभाग स्तरीय अंडर-17 गर्ल्स क्रिकेट प्रतियोगिता में भोपाल बना विजेता

सीहोर। आयोजित संभाग स्तरीय अंडर-17 बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता में भोपाल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विदिशा की टीम को 56 रनों से पराजित कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में भोपाल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान आर्या नायक के नाबाद 39 रन और हर्षिका के नाबाद 41 रनों की शानदार पारियों की बदौलत निर्धारित 10 ओवरों में बिना कोई विकेट गंवाए 101 रन बनाए। इस तरह भोपाल ने विदिशा के सामने जीत के लिए 102 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विदिशा की टीम भोपाल के गेंदबाजों के सामने ज्यादा देर टिक नहीं सकी और निर्धारित लक्ष्य तक पहुंचने में असफल रही। विदिशा की टीम मात्र 45 रन ही बना सकी। इस प्रकार भोपाल ने 56 रनों से शानदार जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के दौरान जिला खेल अधिकारी अताउल्लाह खान, आशीष शर्मा, राजेश मालवीय, मोहम्मद मुकर्रम, महेंद्र परमार, शिव परमार, अक्षय दुबाने, अजय चंदेल, अक्षत तोमर, लोकेंद्र एवं विश्वास सहित अन्य उपस्थित रहे।

ग्राम स्वास्थ्य और पोषण दिवस सत्रों का आयोजन

सीहोर। जिले में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस अर्तगत यू-विन पोर्टल पर 194 सत्रों की योजना बनाई गई थी, जिनमें से 194 सत्र आयोजित किए गए। आयोजित सत्रों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों के टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया के निर्देशन में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस आयोजित सत्र में शून्य से 1 वर्ष तक के 741 बच्चे, 1 वर्ष से अधिक आयु के 340 बच्चों का टीकाकरण किया गया। साथ ही 125 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई।
सीएमएचओ डॉ. डहरिया ने स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को पात्र बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने तथा गर्भवती महिलाओं को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं एवं परामर्श उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेस ने एसडीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन

कटौती बंद नहीं की तो विधायक, सांसद, कलेक्टर के घर के सामने कांग्रेस बजाएगी थाली और ढोल

रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली कटौती बंद करने, बढ़े हुए बिजली बिलों में राहत देने तथा एक माह के लिए अस्थायी विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने की मांग।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष महेश मुंदीखेड़ी एवं नगर अध्यक्ष जाहिद गुड्डू के नेतृत्व में स्थानीय कॉलोनी चौराहे से रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली कटौती बंद करने, बढ़े हुए बिजली बिलों में राहत देने तथा एक माह के लिए अस्थायी विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने नारे लगाकर अपना विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लगातार बिजली कटौती से आम नागरिकों, किसानों, व्यापारियों और विद्यार्थियों को परेशानी हो रही है। रात के समय बार-बार बिजली बंद होने से लोगों की नींद प्रभावित हो रही है। वहीं, अधिक बिजली बिलों और अस्थायी कनेक्शन की समस्याओं के कारण आम उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। अखिल भारतीय कांग्रेस सदस्य हरपाल ठाकुर, जितेंद्र शोभाखेड़ी एवं महेश मुंदीखेड़ी ने सरकार और प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि जनता को नियमित बिजली उपलब्ध कराना शासन और विद्युत विभाग की जिम्मेदारी है। अघोषित विद्युत कटौती तत्काल बंद की जाए तथा उपभोक्ताओं की समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाए। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट कहा कि हम जनता की बिजली कटने नहीं देंगे।

यदि बिजली कटौती जारी रही, तो विधायक, कलेक्टर एवं सांसद के निवास के सामने पूरी रात तालियां बजाकर गांधीवादी तरीके से विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के अधिकारों की लड़ाई शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से जारी रखेगी। प्रदर्शन के माध्यम से प्रशासन से मांग की गई कि अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाई जाए, अधिक बिजली बिलों की शिकायतों की जांच कर राहत दी जाए तथा एक माह के अस्थायी विद्युत कनेक्शन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए उपरोक्त अवसर एआईसीसी सदस्य हरपाल सिंह ठाकुर, कमल सिंह पहलवान,महेश मुंदीखेड़ी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण, जितेन्द्र शोभाखेडी पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद खान गुड्डू, गुलाब बाई ठाकुर, अरविंद सिंह सेमली जवार ब्लॉक अध्यक्ष, अरविंद मेवाड़ा जातखेड़ा, जगदीश चौहान, महेंद्र टिपाखेड़ी, घनश्याम जांगड़ा, सन्नवर खान, राजकुमार मालवीय, खालिद पठान, रईस घड़ी, नरेंद्र कुशवाह, चेतन सेमली, फ़ैज उद्दीन, तोशिफ उद्दीन, रशीद नेताजी, सईद टेलर, नवाब बेरी, महेश वर्मा सेवदा, अरविद इलाही, राजकुमार नौगांव, धर्मेन्द्र महुडिया, कमल ठाकुर, मनीष खत्री, हरेंद्र नौगांव, प्यारेपटेल, टोनी कोठारी, डाक्टर एजाज, अखलेश बाबू राजपूत,राहुल पटरिया,शंकर सोनी,डॉ हरि मेवाड़ा, रामचरण डावरिया, कृपाल तोमर, महमूद अंसारी, नासिर पठान, अकेसिंह बागैर, पुष्पेंद्र हरनावदा, दिलीप मालवीय, चेतन भाटी, अजय भाटी, अंशु मुगली, दीपक गोस्वामी, जितेंद्र वर्मा, शुभम मेवाड़ा, निसार मसूदी, बनने खा मंसूरी, राजेश सोलंकी, अशोक जैन, बलवान सिंह भाटी, लखन सिंह बापचा, दीपक खेड़ी, हरेंद्र अरनिया जौहरी, अर्जुन अरनिया, अर्जुन लसुडिया, अजय भाटी, विजय पाटीदार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे।

शक्ति की भक्ति में डूबा शहर, 12 से अधिक स्थानों पर हुई स्थापना

जगह-जगह सजे जगदम्बा के दरबार





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

रविवार से 9 दिवसीय नवरात्रि पर्व शुरू हो गए हैं। शहर में जगह-जगह शुभमुहूर्त में घट स्थापना हुई। सुबह से ही समितियां के पदाधिकारी ने शुभ मुहूर्त में पूजा अर्चना कर माता की स्थापना की। सभी पंडालों में आकर्षक विद्युत साज-सज्जा भी की गई है। पूरे 9 दिनों तक माता के दरबार में पूजा अर्चना, सांस्कृतिक

शहर के इन क्षेत्रों में सजे माता के दरबार

हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष भुरू मुकाती ने बताया कि शहर में इस बार 12 से अधिक स्थानों पर माता रानी की स्थापना की गई। शहर के अलीपुर चौराहा, इंदौर नाका, पुरानी सब्जी मंडी, बड़ा बाजार, गांधी चौक, मंडी गेट, बजरंग कॉलोनी, राम मंदिर बुधवारा, काछीपूरा, माखन का बाड़ा,पीएम आवास कॉलोनी सहित करीब अन्य स्थानों पर शुभ मुहूर्त में घट स्थापना की गई। शहर के पार्वती नदी किनारे स्थित चामुंडा माता मंदिर, शीतला माता मंदिर, बंजारी माता मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी भक्तों की भीड़ रहेगी।

बजरंग कॉलोनी में मां नव दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष विक्रम मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस बार भी मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की है और प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं वही काछीपूरा के मां शक्ति संगम मंडल के गौतम कुशवाह, गौरव प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे मंडल का यह दूसरा वर्ष है पहले वर्ष हमने मां के बाल स्वरूप प्रतिमा की स्थापना की थी। वही इस बार मां सरस्वती देवी की प्रतिमा स्थापित की है जो नगर में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां सरस्वती देवी की प्रतिमा के दर्शन करने आ रहे हैं।

नवरात्रि व दशहरा पर्व को देखते हुए नप अध्यक्ष प्रतिनिधि ने दिए सफाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



नवरात्रि एवं दशहरे पर्व को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वेद ने तत्काल दरोगा को नगर में साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 6 में बने फुटपाथ पर जमा कीचड़ एवं उगी घास की साफ-सफाई करवाई गई, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी न हो। त्योहारों के मद्देनजर नगर में स्वच्छता बनाए रखने तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई।

पुण्य आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है, पाप कर्मों से बचें : मुनि सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



पुण्य पवित्र होता है। जो व्यक्ति आत्मकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ता है, उसकी धर्म के प्रति रुचि बढ़ती जाती है और संसार के विषयों में आसक्ति घटती जाती है।

देशना लब्धि फूल है तो काय लब्धि फल है। जिस प्रकार फूल से फल की प्राप्ति होती है, उसी प्रकार धर्मोपदेश को सुनकर उसे जीवन में उतारने से आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। यह आशीष वचन समाधि सम्राट वात्सल्य रत्नाकर मुनिराज भूतबलि सागर महाराज के प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर में व्यक्त किए। मुनिश्री ने कहा कि सम्यक्त्व की प्राप्ति के लिए पढ़ा-लिखा होना आवश्यक नहीं है, अनपढ़ व्यक्ति भी सम्यक दृष्टि बन सकता है। आध्यात्मिक अनुभूति स्वयं के अनुभव से होती है। जिस प्रकार प्रसव की पीड़ा का अनुभव वही कर सकती है, जो उसे स्वयं सहन करती है, उसी प्रकार आत्मानुभूति भी अपने भीतर उतरकर ही प्राप्त की जा सकती है। केवल ज्ञान की बातें सुन लेना पर्याप्त नहीं, बल्कि उन्हें अपने आचरण में उतारना आवश्यक है। उन्होंने कर्ण लब्धि की व्याख्या करते हुए कहा कि आत्मकल्याण के मार्ग में व्यक्ति के परिणामों की निर्मलता का विशेष महत्व है।

सम्यक दृष्टि जीव की निर्जरा अधिक होती है। यदि मनुष्य दुर्गति से बचना चाहता है तो उसे अपने भावों, विचारों और आचरण को शुद्ध बनाना होगा। मुनि सागर महाराज ने कहा कि पाप तत्व ही आत्मकल्याण में बाधक है, इसलिए पाप कर्मों से दूर रहकर अपने परिणामों को निर्मल बनाना चाहिए। मुनि श्री ने प्रेरणा दी कि धर्म को केवल सुनने या चर्चा करने तक सीमित न रखें, बल्कि उसे जीवन का हिस्सा बनाएं। अपने भावों को शुद्ध रखें, पाप कर्मों से बचें और आत्मकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ें। यही मानव जीवन की वास्तविक सार्थकता है।

किसानों ने मशाल जुलूस निकालकर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



रात में बिजली कटौती और खेतों में झूलते 11 केवी विद्युत तारों की समस्या को लेकर सीहोर जिले के दर्जनों गांवों के किसानों ने बरखेड़ी-कुलास विद्युत सबस्टेशन क्षेत्र में प्रदर्शन किया। किसानों ने मशाल जुलूस निकालकर सड़क पर धरना दिया और चक्काजाम कर विद्युत विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई। किसानों ने रात की बिजली कटौती बंद करने, झूलते तारों को दुरुस्त करने तथा जिम्मेदार विद्युत अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। किसानों का आरोप है कि रात 8 बजे से सुबह तक हर दो घंटे में बिजली कटौती किए जाने से ग्रामीणों और किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, खेतों में झूलते विद्युत तारों के कारण करंट लगने से किसान घायल हुए हैं, लोगों की जान गई है और गाय-भैंस सहित मवेशियों की भी मौत हुई है।

किसानों का कहना है कि गंभीर घटनाओं के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से उनमें आक्रोश है। किसान एवं समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा तथा जनपद सदस्यों कमलेश पप्पू पटेल सहित अन्य किसानों के नेतृत्व में यह आंदोलन किया जा रहा है। मेवाड़ा के अनुसार, 25 से अधिक गांवों के 500 से ज्यादा किसान पिछले करीब तीन महीने से सीहोर और भोपाल में धरना-प्रदर्शन, मशाल जुलूस और जल सत्याग्रह के माध्यम से अपनी मांगें उठा रहे हैं। इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने से किसानों को आंदोलन तेज करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। आंदोलन में चंदेरी, बड़बेली, महोरिया, कुलास कला, हीरापुर, बरखेड़ी, आलमपुरा, ढाबला, बिलकिसगंज और पिपलिया मीरा सहित दर्जनों गांवों के किसान शामिल हैं। किसानों ने सीहोर विद्युत मंडल के अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री, श्यामपुर के सहायक यंत्री तथा संबंधित कर्मचारियों की भूमिका की जांच कर दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। किसानों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, ऊर्जा मंत्री, प्रभारी मंत्री, जिला प्रशासन, संभागायुक्त, पुलिस अधीक्षक और पुलिस महानिरीक्षक से मामले में हस्तक्षेप कर पीड़ित किसानों को न्याय दिलाने की मांग की है। साथ ही, पीड़ित परिवारों को 25 लाख रुपये का मुआवजा और पात्र परिजनों को सरकारी नौकरी देने तथा जिम्मेदार विद्युत अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग उठाई है।

शासकीय महाविद्यालय में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति और विकसित भारत पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



शासकीय महाविद्यालय में डिजिटल पोस्टर वाद-विवाद सांस्कृतिक एवं कला प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्रतिभा दिखाई। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं विकसित भारत-2047 की संकल्पना को केंद्र में रखते हुए 5 से 10 अक्टूबर तक विभिन्न शैक्षणिक, रचनात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के अंतर्गत डिजिटल पोस्टर प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा सांस्कृतिक एवं कला संबंधी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, तार्किक चिंतन, अभिव्यक्ति कौशल एवं राष्ट्रीय विकास के प्रति जागरूकता विकसित करना था। कार्यक्रम प्रभारी लखन सिंह अटेरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि डिजिटल पोस्टर प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 10 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के निर्णयानुसार बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा कुमारी पायल ने प्रथम, कुमारी जहीरा ने द्वितीय तथा कुमारी सुहाना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने शिक्षा में नवाचार, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 तथा विकसित भारत-2047 की परिकल्पना जैसे विषयों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा कुमारी शिफा ने प्रथम, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा कुमारी प्रियंका ने द्वितीय तथा बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा कुमारी बिंदिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समापन अवसर पर पैनल चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. राकेश कुमार, सोलंकी एवं डॉ. भीमसेन मालवीय उपस्थित रहे। पैनल चर्चा के दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, शिक्षा में नवाचार, तकनीकी एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता के समावेश तथा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में शिक्षा की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में डॉ. राकेश कुमार सोलंकी, डॉ. नीतू परवाल, डॉ. भीमसेन मालवीय, डॉ. सुमन भदौरिया एवं डॉ. शर्मिला गांगले ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नरेंद्र कुमार शुक्ल ने शुभकामनाएं दीं।

251 फीट लंबी चुनरी यात्रा निकालकर कुलदेवी को चढ़ाई

बैंड बाजे, घोड़ी, बग्घी और देवी-देवताओं के स्वरूपों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



नवरात्रि के पावन पर्व पर जावर नगर में धार्मिक आस्था, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। चौरसिया परिवार ने कुलदेवी मां महिषासुर मर्दिनी के प्रति श्रद्धा अर्पित करते हुए 251 फीट लंबी चुनरिया यात्रा निकाली गई। यात्रा में जावर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए चौरासिया परिवार के पुरुषों एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नगर में जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया गया। चुनरिया यात्रा का शुभारंभ जावर सोसायटी से हुआ।

यात्रा में बैंड बाजे, घोड़ी और आकर्षक बग्घी के साथ हनुमान जी एवं मां काली वानर सेना के मनमोहक स्वरूप विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। धार्मिक जयकारों और भक्तिमय माहौल के बीच निकली यात्रा ने पूरे नगर को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। 251 फीट लंबी चुनरिया के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। यात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों ने स्वागत कर अपनी आस्था व्यक्त की चुनरी यात्रा माता मंदिर जावर पहुंची जहां माता जी को चुनरी अर्पण की गई और फिर महाप्रसादी का वितरण हुआ। मुख्य बाजार में पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेश कुमार वेद ने मालवीय समाज के चौरसिया परिवार द्वारा निकाली गई विशाल चुनरिया यात्रा का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया वही सेन समाज, अखिल भारतीय बलाई समाज, महेश्वरी समाज, जैन समाज, हिन्दू उत्सव समिति, भाजपा मंडल, जावर नगर परिषद, जावर बजरंग दल, जावर भावसार, समाज राठौर, समाज ब्लाक कांग्रेस कमेटी जावर द्वारा चुनरी यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। धार्मिक आयोजन ने सामाजिक एकता, आपसी सद्भाव और सांस्कृतिक परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की।

चार सौ वर्ष पुराने मां महिषासुर मर्दिनी मंदिर में उमड़ते हैं श्रद्धालु

जावर नगर स्थित मां महिषासुर मर्दिनी माता का लगभग 400 वर्ष पुराना मंदिर क्षेत्र की प्रमुख धार्मिक आस्थाओं में से एक है। इस प्राचीन मंदिर की ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है। नवरात्रि के दौरान मंदिर में विशेष धार्मिक महत्व रहता है और हजारों श्रद्धालु परिवार सहित मां के दर्शन करने पहुंचते हैं। नवरात्रि के पावन दिनों में नगर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो जाता है। चौरासिया परिवार की इस विशाल चुनरिया यात्रा ने जावर नगर की धार्मिक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को एक बार फिर जीवंत कर दिया। श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से परिपूर्ण इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता ने इसे यादगार बना दिया।

आस्था और श्रद्धा का केंद्र है माता मंदिर की पहाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि पर सभी देवी मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। शहर के वाह गांव के सभी देवी मंदिरों में 11 अक्टूबर से घट स्थापना के साथ यज्ञ हवन प्रारंभ हो गए। नवरात्रि को लेकर शहर व गांव में देवी भक्तों में उत्साह का वातावरण बना हुआ है। नवरात्रि का त्यौहार मां दुर्गा को समर्पित होता है। नवरात्रि के 9 दिनों में मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की अर्चना की जाती है। हिंदू पंचांग के अनुसार शारदीय नवरात्रि का त्यौहार 11 अक्टूबर से प्रारंभ हो गया है शारदीय नवरात्र में जगह जगह भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। नवरात्रि में मां शीतला मंदिर कजलास पहाड़ी पर स्थित माता का मंदिर भी आस्था व श्रद्धा का केंद्र माना जाता है। वहीं सरपंच कुण्डियानाथू राजा ठाकुर एवं समिति के सदस्यों ने बताया कि माता मंदिर में सुलभ शौचालय बनाया गया। लेकिन अभी तक उसमें ताला जड़ा हुआ है। जिससे मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को शौचालय जाने में काफी परेशानी आती है। समिति के सदस्यों ने बताया कि हमने केई बार सरपंच को भी सुचना दे दी गई। लेकिन शौचालय का ताला नहीं खोला गया और उसे चालू नहीं किया गया। जिसमें भक्तों को परेशानी उठानी पड़ रही है।